राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–prrajbhavan@gmail.com
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

कृषि एवं शिक्षा के विकास के जरिये बिहार तेजी से आगे बढ़ सकता है–राज्यपाल

पटना, 24 मार्च 2018

''तालीम की ताकत से ही कोई भी मुल्क आगे बढ़ता है। कल–कारखानों, पुल–पुलियों, सड़कों आदि के विकास से ज्यादा जरूरी है कि हूनरमंद इंसान तैयार किए जायें। बिहार एक ऐसा प्रान्त है, जहाँ के लोग काफी मेहनती और प्रतिभाशाली हैं। यहाँ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत समृद्ध है। मौजूदा दौर में भी यह राज्य तेजी से विकास–पथ पर आगे बढ़ रहा है।'' –उक्त उद्‌गार, महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने 'बिहार दिवस–सह–चम्पारण सत्याग्रह शताब्दी वर्ष' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल ने सम्राट अशोक, चन्द्रगुप्त, चाणक्य, भगवान बुद्ध, महावीर स्वामी, गुरू गोविन्द सिंह, मंडन मिश्र, भारती मिश्र, देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण आदि महापुरूषों का सादर स्मरण करते हुए कहा कि बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के स्वर्णयुग का इतिहास बिहार का इतिहास है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार की आर्थिक समृद्धि यहाँ कृषि आधारित उद्योग–धंधों के विकास से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक बिहार के विकास की संभावनाएँ कृषि पर ही आश्रित हैं। श्री मलिक ने कहा कि 'तीसरे कृषि रोडमैप' के कार्यान्वयन से राज्य में गंगा किनारे ऑर्गेनिक सब्जी–उत्पादन को काफी बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि 'दूसरी हरित क्रांति' सर्वाधिक रूप से बिहार में ही प्रतिफलित होगी।

राज्यपाल श्री मलिक ने कहा कि कृषि के साथ–साथ, राज्य में उच्च शिक्षा के सुधार को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप विश्वविद्यालयों में नया पाठ्‌यक्रम लागू किया जा रहा है। बायोमेट्रिक एवं सी॰सी॰टी॰वी॰ का उपयोग करते हुए शिक्षकों–छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जा रही है। नियमित एकेडमिक कैलेण्डर लागू किया गया है। छात्रसंघ के चुनाव कराये गए हैं तथा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गर्ल्स कॉमन रूप एवं महिला शौचालय प्राथमिकतापूर्वक बनवाए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष से राज्य में बी॰एड॰ कोर्स में 'राज्यस्तरीय कॉमन इन्टरेंस टेस्ट' के जरिये एडमिशन सुनिश्चित कराया जाएगा, ताकि इस कोर्स में नामांकन में पारदर्शिता आ सके।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार कृषि एवं शिक्षा –दो विषयों पर ध्यान केन्द्रित कर तेजी से प्रगति कर सकता है।

राज्यपाल ने समापन–समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले मुंगेर जिला को ट्रॉफी प्रदान की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा ने कहा कि बिहार– दिवस का सफल आयोजन कर हमने फिर एक मिशाल कायम की है।

कार्यक्रम में स्वागत–भाषण शिक्षा सचिव ने किया, जबकि धन्यवाद–ज्ञापन बिहार शिक्षा परियोजना के परियोजना–निदेशक ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, जिलाधिकारी, पटना श्री कुमार रवि सहित कई विधायकगण, गणमान्यजन, वरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

....